Regarding development of sports infrastructure at district and block levels in the country-laid

श्री रमाकान्त भार्गव **(विदिशा):** भारत के ग्रामों, शहरों एवं महानगरों में युवा वर्ग खेलों एवं व्यायाम के प्रति जागरूक है एवं अपने स्तर पर वह सार्थक प्रयास करता है । प्राय: यह देखा गया है कि युवा वर्ग खेलों एवं शारीरिक व्यायाम के प्रति रुचि होने के बावजूद भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश तथा विभागीय वेबसाइट नहीं होने से सही मार्गदर्शन एवं जानकारी नहीं मिल पाती है जिससे वह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पहुंचने से वंचित रहते हैं । मैं माननीय मंत्री महोदय, युवा कार्यक्रम और खेल से अनुरोध करता हूं कि राज्यों में युवाओं को खेलों व शारीरिक व्यायाम के प्रति लगाव के लिए प्रत्येक संभाग स्तर / जिले स्तर एवं विकासखंड स्तर पर चरणबद्ध तरीके से खेल परिसर/ एनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम के निर्माण की योजना आरंभ होना चाहिए ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के युवाओं को खेल एवं शारीरिक व्यायाम के प्रति रुचि जागरूक हो सके साथ ही इनका पंजीयन एवं प्रशिक्षण केंद्रो को वेबसाइट पर अपलोड होना चाहिए, जिससे देश के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इनकी पहचान बन सके एवं भारत को अच्छे युवा खिलाड़ी मिल सके ।